प्रादेशिक समाचार
25.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला एनडीए की ओर से लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्ष इंडी गठबंधन ने इस पद के लिए कांग्रेस के सांसद के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन भरा। अध्यक्ष का चुनाव कल होगा। इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में असफल रहे है। देश में यह पहला मौका है जब लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर राज्य सरकार पर कई टिप्पणियां की। कोर्ट ने आज सुनवाई के दौरान कहा कि सरकार के शपथ पत्र में कहा गया था कि 15 जून से रांची शहर में अतिरिक्त 600 होमगार्ड जवान ट्रैफिक व्यवस्था में लगाए जाएंगे। आज सरकार कह रही है कि कुछ जगहों पर होमगार्ड के जवान ट्रैफिक व्यवस्था में लगा दिए गए हैं।

****

ईडी ने जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद आज पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट में पेश किया। इसके बाद अदालत ने उसे 27 जून तक न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया।

****

राजधानी रांची में रातू थाना के सब इंस्पेक्टर को घूस लेते आज एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया। टीम ने सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को 35 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि सत्येंद्र सिंह ने केस डायरी मैनेज करने के नाम पर घूस की मांग की थी। हालांकि वादी घूस देने को तैयार नहीं था, जिसके बाद उसने इसकी शिकायत एसीबी से की थी।

****

हजारीबाग में साइबर थाना स्थापित हो गया। यह थाना पुराने पुलिस ऑफिस भवन में स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने किया। तत्काल इस थाना का प्रभार मुख्यालय डीएसपी नीरज पाठक को सौंपा गया है।

****

राज्य में मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस सिलसिले में आज दुमका जिले के काठीकुंड प्रखण्ड की बांसकुदरी पंचायत के खिलौड़ी और गोपीकांदर प्रखंड की पंचायत के बड़तल्ला गांव में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मादक पदार्थों के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया और उन्हें नशामुक्ति अभियान के लिए संकल्प दिलाया गया।

****

खूंटी जिले में अब कई युवा किसान संगठित होकर स्वीट कॉर्न की खेती करने लगे हैं।

****

दक्षिण पूर्व रेलवे अंतर्गत खड़गपुर रेल मंडल क्षेत्र में विकास कार्य के कारण कई ट्रेन के परिचलन को रद्द किया गया है। जबकि कई ट्रेन के रूट में बदलाव किया गया है। रेलवे द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर 60 ट्रेन के परिचालन को रद्द कर दिया गया है। इनमें टाटा हावड़ा स्टील एक्सप्रेस के अन्य कई ट्रेन शामिल हैं।

****

चतरा जिले में इस वर्ष कृषि विभाग ने 36 हजार 500 हेक्टेयर भूमि पर धान की खेती करने का लक्ष्य रखा है। इस सिलसिले में कृषि विभाग द्वारा किसानों को वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी दी जा रही है। राज्य सरकार ने इस वर्ष जिले के किसानों के लिए धान की विभिन्न किस्मों के 1200 क्विंटल धान बीज उपलब्ध कराया है। चतरा के जिला सहकारिता पदाधिकारी टेकलाल महतो ने बताया कि किसान पैक्सों से संपर्क कर 50 प्रतिशत अनुदान पर धन के बीज प्राप्त कर सकते हैं।

****

झारखंड में मॉनसून की रफ्तार थोड़ी धीमी हो गयी है। इस कारण पूरे राज्य में मॉनसून की बारिश नहीं हो रही है। राजधानी रांची और आसपास मॉनसून की बारिश आने में अभी दो–तीन दिन लगेंगे। इस बीच मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि आज बोकारो, धनबाद के अलावा संताल परगना के जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में अच्छी बारिश होने की संभावना है। जबकि 26 जून को कोल्हान और संताल परगना के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कहीं–कहीं तो भारी बारिश के आसार हैं। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

*********समाप्त*********